तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 22 फरवरी 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### बतौली की लीजा पाल बनीं व्यवहार न्यायाधीश



**अम्बिकापुर।** नगर की होनहार बेटी लीजा पाल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी परीक्षा-2024 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अंतर्गत विधि एवं विधायी कार्य विभाग के लिए व्यवहार न्यायाधीश के कुल 57 पदों हेतु परीक्षा आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर 2025 को आयोजित हुई थी तथा लिखित परीक्षा का परिणाम 22 जनवरी को घोषित किया गया। इसके पश्चात 10 से 20 फरवरी तक कुल 183 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। लिखित एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर आयोग ने कुल 57 पदों पर चयन सूची जारी की है, जिसमें बतौली की लीजा पाल का चयन होना नगर एवं क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि लीजा पाल बतौली की पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी पाल एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महेंद्र पाल की पुत्री हैं।

### लम्बे समय से जमें 83 पटवारियों का किया गया स्थानान्तरण

**अंबिकापुर।** शनिवार को जिले में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की है। कलेक्टर श्री वसंत जिले में लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए 83 पटवारियों का स्थानान्तरण आदेश जारी किया है। इसके साथ ही सभी पटवारियों को 23 फरवरी तक नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिए गए है। बता दें कि सरगुजा जिले में पटवारी लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए थे। हल्का पटवारियों के एक ही स्थान पर जमे होने के कारण कई बार तरह तरह की शिकायतें भी सामने आ रही थी। ऐसे में कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने लंबे समय से पदस्थ हल्का पटवारियों को प्रशासनिक दक्षता एवं कार्यों के बेहतर संपादन एवं लोकहित के दृष्टिकोण से 83 पटवारियों का स्थानान्तरण आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में लिखा गया है कि स्थानांतरित पटवारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) संबंधित तहसील में अपने स्तर पर हल्का में पदस्थापना करेंगे। एक तहसील से पृथक तहसील में पदस्थापना किए जाने पर जिला कार्यालय से पूर्व में अनुमोदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सभी पटवारियों को एक तरफा भारमुक्त किया गया है और उन्हें 23 फरवरी को नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।



**रमज़ान मुबारक**
**चौथा रोज़ा**
आज का इफ्तार - 6.02 बजे
कल की सेहरी - 5.02 बजे

### वार्ड में 42 पीलिया के मरीज मिलने की बात आई सामने

# दूषित पेयजल की सूचना से मचा हड़कम्प, शुरू हुआ सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के कुछ प्रमुख वार्डों में दूषित पानी सप्लाई का मामला सामने आया है। दूषित पानी में ई कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हुई है जिसके कारण क्षेत्र में पीलिया के मरीज सामने आ रहे है। फिलहाल मोमिनपुरा, नवागढ़ क्षेत्र में दूषित पानी के कारण 42 पीलिया मरीजों के सामने आने की बात कही जा रही है। इधर दूषित पेयजल और पीलिया की जानकारी मिलने के बाद निगम में भी हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने पत्र लिखकर पीएचई व निगम को पानी की जांच करने व सावधानी बरतने की बात कही है। मामला सामने आने के बाद महापौर के निर्देश पर ननि की टीम भी शनिवार को वार्डों में सर्वे के लिए पहुंची थी। इस दौरान टीम ने कई घरों से जांच के लिए पानी का सैम्पल लिया है।

**खास बात**
- घर-घर पहुंच कर लिया जा रहा पानी का सैम्पल

बताया जा है कि पिछले कुछ दिनों से शहर के नवागढ़ पीएचसी क्षेत्र में लगातार पीलिया के मरीज बढ़ रहे थे। मोमिनपुरा, नवागढ़ क्षेत्र में 40-42 लोगों में पीलिया की पुष्टि हुई जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा सीएमएचओ को वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया था। ऐसे में सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को के निर्देश पर पानी का सैम्पल एकत्रित कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के माइक्रो बायोलोजी लैब में जांच कराई गई। जांच के दौरान 10 में से 4 सैंपल में दूषित पानी और पानी में ई कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हुई जिसके बाद हड़कंप मच गया। दूषित पानी के कारण पीलिया होने की पुष्टि होने के बाद सीएमएचओ ने पत्र लिखकर पीएचई और निगम प्रशासन को जांच व सावधानी बरतने की बात कही थी। फिलहाल सप्लाई वाले पानी के दूषित होने के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि क्षेत्र में कुछ स्थानों पर सप्लाई वाले पाइप लाइन में दूषित पानी का लीकेज हो रहा है। विदित हो कि शहर में 48 वार्डों में पानी की सप्लाई घुनघुट्टा के कतकालो फिल्टर प्लांट से विभिन्न टंकियों के माध्यम से किया जाता है।



वार्डवासियों से जानकारी लेती नगर निगम की टीम।

### लिया गया पानी का सैम्पल, पार्षदों को नहीं थी जानकारी

दूषित पानी और पीलिया की सूचना मिलने के बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर नगर निगम की टीम नवागढ़ वार्ड में पहुंची। इस दौरान उन्होंने दो वार्ड के पार्षदों से संपर्क किया लेकिन पार्षदों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि क्षेत्र में दूषित पानी आ रहा है और लोग पीलिया से ग्रसित हो रहे है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि उनके द्वारा सुबह और शाम दोनों टाइम के पानी का सैम्पल लिया गया है। इसके साथ ही पूर्व में जिन दस घरों के सैम्पल लिए गए थे उनका चिन्हांकन भी स्वास्थ्य विभाग के मदद से कराया गया लेकिन जिन घरों में पीलिया की शिकायत थी वहां का पानी साफ था और किसी प्रकार की शिकायत नहीं थी। फिलहाल नगर निगम द्वारा पानी सैम्पल लेकर मेडिकल कालेज के लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है और जांच रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### मिले हैं मरीज

नवागढ़ क्षेत्र से पीलिया के मरीज लगातार मिल रहे थे। 40-42 पीलिया मरीज आने की सूचना के बाद पानी का सैम्पल लेकर जांच कराई गई। जांच में दूषित पानी की पुष्टि हुई है। इसलिए नगर निगम को पत्र लिखा गया था। पीलिया में लापरवाही से स्थिति गंभीर हो सकती थी। मरीजों का उपचार पीएचसी व मेडिकल कॉलेज स्तर पर चल रहा है।

-**डॉ. पीएस मार्को**, सीएमएचओ

### करा रहे है सर्वे

क्षेत्र में दूषित पानी और पीलिया की सूचना मिली है। क्षेत्र के पार्षदों को भी इसकी सूचना नहीं दी गई थी। सूचना मिलने के बाद टीम को क्षेत्र में जांच के लिए भेजा गया है और पानी के सैम्पल लेने के साथ ही वार्ड में सर्वे कराया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

-**श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर

### घर घर सर्वे कर व्यापक पैमाने पर कराई जाए मरीजों की पहचान : शफी

मोमिनपुरा, नवागढ़ क्षेत्र के वार्डों में पीलिया के 42 से अधिक मरीज सामने आने और पेयजल जांच में ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि होने के बाद नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने इसे जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए तत्काल समन्वित कार्रवाई की मांग की है। ननि में विपक्ष के नेता शफी अहमद ने बताया कि 14 फरवरी को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्र से लिए गए पेयजल सैंपलों की जांच मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में कराई गई। जारी रिपोर्ट के अनुसार कई नमूनों में एमपीएन की मात्रा निर्धारित मानकों से अधिक पाई गई। कुछ सैंपलों में 22 से 28 एमपीएन प्रति 100 एमएल तक बैक्टीरियल लोड दर्ज किया गया, जो पेयजल की श्रेणी में स्वीकार्य नहीं है। मानक के अनुसार पेयजल में एमपीएन की संख्या शून्य होनी चाहिए। 10 से अधिक एमपीएन संदिग्ध तथा 50 से अधिक अत्यधिक प्रदूषित माना जाता है। सीवर में पाए जाने वाले फिकल कोलीफॉर्म और ई-कोलाई की पेयजल में मौजूदगी जल जनित गम्भीर बीमारियों का कारण है, जो क्षेत्र में बढ़ते पीलिया मामलों से सीधे तौर पर जुड़ी हो सकती है। शफी अहमद ने कलेक्टर को बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पत्र लिखकर जल स्रोत के डिसइंफेक्शन, पाइपलाइन और पंप की जांच, प्लेटफॉर्म रखरखाव तथा संरचनात्मक खामियों को दूर करने के निर्देश दिए गए थे। नगर निगम जल शाखा की टीम कुछ स्थानों से पानी का सैंपल भी लिया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय हुई है। बावजूद इसके, क्षेत्र में प्रभावी सुधारात्मक कार्रवाई स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रही है। उन्होंने मोमिनपुरा, नवागढ़, रसूलपुर, जरहागढ़ और श्रीगढ़ क्षेत्रों में घर-घर सर्वे कर संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उपचार सुनिश्चित करने, नगर निगम और पीएचई विभाग संयुक्त रूप से व्यापक जल सैंपलिंग अभियान चलाने और जल आपूर्ति तंत्र की तकनीकी ऑडिट कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह केवल एक क्षेत्र का मामला नहीं, बल्कि पूरे शहर की पेयजल सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है। यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से पारदर्शिता के साथ नियमित मॉनिटरिंग रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हाल ही में इंदौर में दूषित पेयजल के कारण फैली बीमारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लापरवाही कितनी महंगी पड़ सकती है। अंबिकापुर में ऐसी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए अभी से सख्त और ठोस कदम उठाना आवश्यक है।



- ननि नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर से की मांग

## सरगुजा में एसआईआर से बढ़ गए 3 हजार 818, कटे 1174 नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संपन्न हुआ। चार महीनों तक चली प्रक्रिया के बाद शनिवार को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने मतदाता सूची का अंतिम प्र का श न किया। बड़ी बात यह है कि एसआईआर की प्रक्रिया के बाद सरगुजा में मतदाताओं की संख्या 3 हजार 818 की वृद्धि हुई है। इस दौरान कलेक्टर ने राजनैतिक दलों को मतदाता सूची के संबंध में अहम जानकारियां प्रदान की।

- कलेक्टर ने किया अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

बता दें कि प्रदेश में भी मतदाता सूची के गहन विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। 27 अक्टूबर 2025 से जिले में निर्वाचक नामावलियों के एसआईआर का अभियानक हालय गया। इस दौरान 1 जनवरी 2026 के आधार पर चार माह तक निरंतर एवं चरणबद्ध रूप से संचालित इस अभियान के पश्चात 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गई, जिनका निराकरण 14 फरवरी तक नियमानुसार किया गया। ड्राफ्ट प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 के अनुसार ⏭ शेष पेज 4 पर

### विधानसभा वार आंकड़े

| विधानसभा | ड्राफ्ट मतदाता | जुड़े | विलोपन | वृद्धि | अंतिम मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| लुण्ड्रा | 1,86,699, | 379, | 246, | 1133, | 1,86,832 |
| अम्बिकापुर | 2,25,649, | 2598, | 884, | 1714, | 2,27,363 |
| सीतापुर | 1,87,144, | 1015, | 44, | 971, | 1,88,115 |

### मतदाता नाम जांच एवं आवश्यक प्रपत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी वसंत ने बताया कि 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा भी प्रपत्र संख्या 6 भरकर भविष्य में प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। भविष्य में समय-समय पर होने वाले आवश्यक संशोधनों के अनुसार, नागरिक प्रपत्र संख्या 6. 7 और 8 भी भर सकेंगे। एसआईआर के दौरान आगामी अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2026 के संदर्भ में भावी मतदाताओं से आवेदन प्रपत्र 6 में प्राप्त किया गया है। सभी मतदाता अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम वेबसाइट- **https://ceochhattisgarh.nic.in** ,वोटर पोर्टल- **https://voters.eci.gov.in**, **ECINETAPP**, बीएलओ के माध्यम से अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, ईआरओ, एईआरओ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। यदि पात्र मतदाता का नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6 भरकर उसके साथ घोषणा पत्र और आवश्यक सहायक दस्तावेज संलग्न कर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अंतिम मतदाता सूची में दी गई जानकारी में कोई त्रुटि एवं स्थानांतरण हेतु फॉर्म-8 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन या ऑफलाइन सुधार के लिए आवेदन किया जा सकता है।

## फिर बदला मौसम, गरज-चमक के साथ हो सकती है बूंदाबांदी एवं ओलावृष्टि

**अम्बिकापुर।** उत्तर एवं दक्षिण की परस्पर विरोधी एवं अलग- तापमान की हवाओं के आपस में टकराने से मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विज्ञानी रविवार को भी आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज हवा व गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी एवं ओलावृष्टि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

वर्तमान में उत्तर भारत में ताकतवर पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। वहीं दक्षिण भारत में चक्रवाती परिसंचरण। पछुआ विक्षोभ सीमावर्ती मध्यप्रदेश तक प्रभावी है साथ ही पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर की हवाएं एवं दक्षिण भारत में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण की परस्पर विरोधी एवं अलग-अलग तापमान की हवाएं छत्तीसगढ़ में पहुंचकर आपस में टकरा रही है। परस्पर विरोधी एवं अलग-अलग तापमान की हवाएं टकराने से शनिवार को मौसम में व्यापक बदलाव देखा गया। सुबह आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार हवाएं चली। मौसम में आए बदलाव से बारिश होने जैसी स्थिति बन गई थी। धूप निकलने पर बादलों का घनत्व कम हुआ। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि परस्पर विरोधी हवाओं के टकराने से रविवार को भी आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज हवाएं चलने एवं गरज-चमक के साथ उत्तर छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत में कहीं-कहीं बूंदाबांदी एवं ओलावृष्टि होने की संभावना है। आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने से एक पखवाड़े बाद न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के ऊपर पहुंचा है। मौसम कार्यालय द्वारा शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 28 डिग्री वहीं शनिवार को क्रमशः 12.7 डिग्री एवं 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण न्यूनतम तापमान में और अधिक वृद्धि होने जबकि अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट होने की संभावना जताई जा रही है।

## सरगुजा की बेटी दीपशिखा का एनएफआर गुवाहाटी रेलवे में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले की प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी दीपशिखा एक्का ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर एनएफआर गुवाहाटी असम में नौकरी प्राप्त कर जिले एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे सरगुजा जिले और सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ में हर्ष और गौरव का माहौल है।

- सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ की मेहनत रंग लाई, खिलाड़ी को रेलवे में मिली नौकरी



राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि दीपशिखा एक्का सखोली दरिमा की निवासी हैं। बचपन से ही खेल प्रति लगन था। वर्ष 2015 में जब वे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 7वीं की छात्रा थीं तब सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च प्रोग्राम के तहत प्रतिभा को पहचानते हुए बास्केटबॉल खेल के लिए चयन किया। साथ ही बास्केटबॉल खेल का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया। उसके पश्चात सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा स्पेशल रुप ट्रायल कराया गया। विशेष ट्रायल के बाद साईं अकादमी, राजनांदगांव के लिए दीपशिखा का चयन हुआ जहां आवासीय रुप रहने और पढ़ाई के साथ एडवांस बास्केटबॉल ट्रेनिंग अंतर्राष्ट्रीय कोच के राजेश्वर राव के देख-रेख में साईं अकादमी राजनांदगांव में कठोर प्रशिक्षण के दौरान दीपशिखा ने विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग ⏭ शेष पेज 4 पर

### नोटिस जारी, एक का वेतन रोकने के निर्देश, जताई नाराजगी

# जेडी के निरीक्षण में अनुपस्थित रहे नेत्र सहायक व अन्य अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने शनिवार को जिले के रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बड़े पैमाने पर कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जबकि अपस्ताल में भी भारी अव्यवस्था देखने को मिली। ऐसे में जेडी ने नोटिस जारी करने के साथ ही कार्रवाई के निर्देश दिए है।

संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला के निरीक्षण के दौरान पीएचसी रामपुर में दवा वितरण केंद्र में दवाओं को बेतरतीब ढंग से रखा गया था। वितरित की जाने वाली दवाओं के एक्सपायरी डेट की जानकारी नहीं थी। अस्पताल में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी अनुपस्थित पाए गए जिसपर जेड़ी ने कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, वहीं अस्पताल के आरएसबीवाई ऑपरेटर लोकेन्द्र प्रताप सिंह बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए जिसपर जेड़ी ने लोकेन्द्र प्रताप सिंह का वेतन रोकने के निर्देश दी। अस्पताल में उपस्थिति पंजी में कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा था जिसपर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और स्पष्टीकरण मांगा है। जेड़ी ने अस्पताल में साफ सफाई की कमी पाई गई जिसपर उन्होंने विशेष ध्यान देने के साथ ही प्रसव कक्ष में साफ सफाई के लिए प्रभारी व स्टाफ नर्स को प्रसव कक्ष में पूर्ण रूप से सफाई कराने का निर्देश दिया। वहीं जेडी ने शासन द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी पोस्टर बैनर में स्वास्थ्य केन्द्र में चस्पा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव एवं प्रत्येक बीमारियों के सकारात्मक मरीजों की जानकारी उपलब्ध रखने हेतु भी निर्देशित किया गया।



### सीएचओ को मूल पदस्थापना में भेजने के निर्देश

लखनपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र जूना में संलग्न होकर कार्य कर रही सीएचओ को मूल पदस्थापना में भेजने का आदेश जेडी डॉ. शुक्ला ने जारी किया है। जेडी श्री शुक्ला ने बताया की सीएचओ श्रीमती नीमा गुप्ता की मूल पदस्थापना उप स्वास्थ्य केंद्र लिपिंगी है लेकिन वे वर्तमान में उप स्वास्थ्य केंद्र जूना में पदस्थ होकर कार्य कर रही है। जेडी ने सीएचओ नीमा गुप्ता को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर मूल पदस्थापना स्थल भेजने के निर्देश सीएमएचओ को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है की किसी भी संस्था में कार्यरत कर्मचारी द्वारा तीन दिवस से अधिक अवकाश लिया जाता है तो सीएमएचओ स्वयं संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करें




## खबर संक्षेप

### दो पालियों में पीएससी की परीक्षा आज

**बैकुण्ठपुर।** छग लोक सेवा आयोग 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा 22 फरवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 से 5 बजे तक आयोजित होगी। सुबह के परीक्षार्थियों को परीक्षा के निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व उपस्थित होने निर्देशित किया गया है। प्रथम पाली में सुबह 8 बजे परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने के लिए निर्देशित हैं और दोनों ही पालियों में परीक्षा समय शुरू होने के 15 मिनट पूर्व ही परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**अनूपपुर।** भारत सरकार की राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नवाचार एवं पारंपरिक खेलों के प्रोत्साहन के लिए जिला स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड स्तर की टीम ने हिस्सा लिया। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जिला मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रामलाल रौतेल, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने कार्यक्रम में सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### नपा में विधायक प्रतिनिधि बने महेन्द्र



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एमसीबी द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के संदर्भित पत्र के आधार पर की गई है। आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में होने वाली सामान्य सभा एवं अन्य जनकल्याणकारी बैठकों में भाग लेने के लिए महेन्द्र पाल सिंह पिता कपिल देव सिंह निवासी टीवी टावर वार्ड क्रमांक 4 मनेन्द्रगढ़ को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पूर्व में नामित प्रतिनिधि सरजू यादव के स्थान पर की गई है। कलेक्टर कार्यालय से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि नियुक्त विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद की बैठकों में विधायक का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा नगर हित से जुड़े विषयों पर सहभागिता निभाएंगे। संबंधित आदेश मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है।

### रबी फसलों की खरीदी के लिए पंजीयन 28 तक

**मनेन्द्रगढ़।** जिला एमसीबी में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा योजनांतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर ई समृद्धि पोर्टल पर किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जिला एमसीबी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए चना, मसूर, सरसों की बुवाई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर साथ लेकर अपना पंजीयन कराए। उक्त योजनांतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले के लिए चिन्हांकित एजेंसी नैफेड द्वारा पंजीकृत फसलों का उपार्जन किया जाएगा। दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 28 फरवरी तक किया जाएगा। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीफ फसल अरहर 8000 रूपए प्रति क्विंटल, उड़द 7800 रूपए प्रति क्विंटल, मूंगफली 7623 रूपए प्रति क्विंटल एवं रबी फसल चना 5875 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रूपए प्रति क्विंटल तथा सरसों 6500 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

## 2 हजार 922 नए युवा मतदाता जुड़े, जिले में अंतिम मतदाता सूची जारी

# कोरिया: 316 मतदान केन्द्रों में 1 लाख 96 हजार 339 मतदाता पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अंतिम सूची संबंधी जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया था और निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इसकी प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निःशुल्क प्रदान की गई। 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण किया गया। साथ ही 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक उन मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया गया, जिन्होंने वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई थी अथवा जिनके नामों में त्रुटियां पाई गई थीं। सुनवाई उपरांत पात्र मतदाताओं को शामिल कर अंतिम मतदाता सूची तैयार की गई। दावा-आपत्तियों की साप्ताहिक सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई और वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की गई। जिले में कुल मतदान केन्द्र- 316 है, कुल पंजीकृत मतदाता- 1,96,339 है और 18-19 वर्ष के नए मतदाता 2,922 तथा वरिष्ठ मतदाता की संख्या 1,492 व सेवा मतदाता 108 है। यहां 27 अक्टूबर 2025 तक कुल 2,11,688 मतदाताओं में से 23 दिसंबर 2025 तक 1,95,167 मतदाताओं से गणना फॉर्म प्राप्त हुए, जिनका शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण किया गया। बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे कर मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान की गई।



राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को मतदाता सूची सौंपती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

### क्या है महत्वपूर्ण निर्देश

यदि किसी पात्र नागरिक का नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं है, तो फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। नाम, पता या अन्य विवरण में त्रुटि सुधार अथवा स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 भरकर आवेदन किया जा सकता है। यदि किसी प्रस्तावित निर्वाचक को अयोग्य पाया जाता है और उसका नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं किया गया है, तो संबंधित व्यक्ति को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अपील करने का अधिकार है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बीएलए एवं बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आभार व्यक्त किया, तथा नागरिकों से अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम अवलोकन करने का आग्रह किया।

### मतदाताओं की संख्या में बदलाव

ड्राफ्ट सूची से पूर्व (27 अक्टूबर 2025)- 2,11,688
ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद (23 दिसंबर 2025)- 1,95,167
अंतिम सूची (21 फरवरी 2026)- 1,96,339
शुद्ध वृद्धि- ड्राफ्ट सूची के बाद अंतिम सूची में 1,172 मतदाताओं की वृद्धि

# जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



जिले में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के दौरान प्रशासन द्वारा सतत निगरानी और निरीक्षण की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे द्वारा 21 फरवरी को विभिन्न विकासखंडों के परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा की पारदर्शिता, अनुशासन एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करना रहा। जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 46 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित की गई। इन केन्द्रों में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के लिए कुल 4796 विद्यार्थी पंजीकृत रहे। परीक्षा के दिन इनमें से 4599 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 197 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कुल उपस्थिति प्रतिशत संतोषजनक रहा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अधिकांश छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिरे द्वारा विशेष रूप से विकासखंड खड़गवां के दूरस्थ परीक्षा केन्द्र कोड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह केन्द्र भौगोलिक दृष्टि से अपेक्षाकृत दुर्गम क्षेत्र में स्थित है। निरीक्षण के दौरान कक्षा 10 वीं में 77 विद्यार्थियों के पंजीकरण के सापेक्ष 75 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित पाए गए, जबकि 2 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के समय परीक्षा कक्षों में शांति, अनुशासन तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन होता पाया गया। प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण एवं परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था संतोषजनक रही, इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के परीक्षा केन्द्र बुंदेली का भी निरीक्षण किया गया। इस केन्द्र में हाईस्कूल छिपछिपी के विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई थी। यहां कुल 51 विद्यार्थी पंजीकृत थे और सभी 51 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित पाए गए। यह उपस्थिति शत-प्रतिशत रही, जिसे प्रशासन द्वारा सराहनीय बताया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्राध्यक्ष एवं परीक्षा ड्यूटी में लगे शिक्षकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला स्तरीय उड़न दस्ता भी सक्रिय रहा। इस उड़न दस्ते में व्याख्याता श्रीमती मनीषा तिवारी एवं रणधीर ठाकुर, जिला क्रीड़ा अधिकारी शामिल रहे। उड़न दस्ता द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर औचक पहुंचकर नकल रोकने, अनुचित साधनों के उपयोग पर नियंत्रण तथा परीक्षा नियमों के पालन की स्थिति का जायजा लिया गया। कहीं भी किसी प्रकार की अनियमितता या अनुशासनहीनता की शिकायत नहीं पाई गई।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिरे ने बताया कि जिले में परीक्षाओं का संचालन पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जा रहा है। सभी केन्द्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश पूर्व में ही जारी कर दिए गए हैं तथा सतत निरीक्षण के माध्यम से उनकी निगरानी की जा रही है। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों, शिक्षकों एवं परीक्षा से जुड़े समस्त कर्मचारियों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। प्रशासन की सक्रियता और उड़न दस्तों की सतत निगरानी के चलते जिले में परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही हैं, जिससे विद्यार्थियों को निर्भय एवं अनुकूल वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल रहा है।

# विद्यार्थियों को नहीं मिलती खेल सामग्री

- खेलगिढ़या योजना का सफल क्रियान्वयन नहीं

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के सरकारी विद्यालयों में खेलगिढ़या योजना के तहत विभिन्न तरह के खेल सामग्री विद्यालयों को प्रदाय किया गया है, बावजूद इसके विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को विद्यालयों को मिले खेल सामग्री खेलने को नहीं मिल रही है, इसके चलते विद्यार्थी परंपरागत खेल ही खेलते हैं, वहीं मिले खेल सामग्री में प्रमुख रूप से फुटबाल प्रदान कर दिया जाता है, जिसे बालकों के द्वारा ही खेला जाता है।

वहीं बालिकाओं को मिले खेल सामग्री नहीं मिलने के कारण वे परंपरागत खेल ही खेलते हैं। जानकारी के अनुसार खेलगढ़िया योजना के तहत विद्यालयों में फुटबाल, शतरंज, लूडो, कैरम बोर्ड, रिंग, पिट्ठुल सामग्री आदि प्रदाय किया गया है। इस तरह इंडोर के साथ आउटडोर खेल के लिए विभिन्न तरह के सामग्री विद्यालयों को प्रदाय किया गया, बावजूद कई विद्यालयों के द्वारा मिले खेल सामग्री को सुरक्षित रख दिया गया, इससे बच्चों को मिले खेल सामग्री नहीं मिल पाने के कारण विभिन्न तरह के खेल खेलने का अवसर नहीं मिल पाता है और बिना खेल सामग्री के परंपरागत खेल ही खेलते नजर आते हैं।



### सत्र न्यायालय परिसर में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर जिला सत्र न्यायालय परिसर अनूपपुर में विधिक जागरूकता शिविर एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को सशक्त बनाते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की नीतियों के अनुरूप समाज के अंतिम छोर तक विधिक जागरूकता पहुंचाना तथा पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है।



परीक्षा देकर बाहर निकलते विद्यार्थी।

# चरचा के दो परीक्षा केन्द्रों पर बोर्ड की परीक्षाएं

**चरचा कॉलरी।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ चरचा कॉलरी क्षेत्र में उत्साह और अनुशासन के साथ हुआ। परीक्षा के पहले दिन से ही छात्र-छात्राएं समय से पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने लगे। अभिभावकों में भी बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर उत्साह और विश्वास का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र में इस वर्ष दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

पहला केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बालक) चरचा में तथा दूसरा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्थापित किया गया है। दोनों ही केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। परीक्षा से पूर्व स्कूल केन्द्र के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को तिलक व मूंह मीठा कराकर क्लास में भेजा गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बालक) चरचा में तीन विद्यालयों का केन्द्र बनाया गया है। इसमें हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बालक) चरचा तथा सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में भी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यहां काफी संख्या में परीक्षार्थी निर्धारित समय पर पहुंचकर शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दे रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा पेयजल, स्वच्छता, बैठने की समूचित व्यवस्था तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष आदित्य जायसवाल तथा महामंत्री सचिन मलिक परीक्षा केन्द्र पहुंचे। उन्होंने केन्द्राध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की कमी न रहे। कुल मिलाकर चरचा कॉलरी क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुव्यवस्थित वातावरण में हो रहा है, जो क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के प्रति गंभीरता और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण चरण है और इस समय उन्हें सकारात्मक वातावरण एवं प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज और राष्ट को प्रगति की ओर अग्रसर करता है, इसलिए सभी को मिलकर विद्यार्थियों के भविष्य को सशक्त बनाने में योगदान देना चाहिए।

## नई लेदरी में लायंस क्लब प्राइड का कैंसर जागरूकता कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** लायंस क्लब प्राइड द्वारा शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला नई लेदरी में बच्चों के कैंसर विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, बचाव के उपायों तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व की जानकारी देना था, ताकि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व समाज में भी जागरूकता फैला सकें। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब प्राइड की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने छात्राओं को सरल भाषा में समझाया कि बच्चों में होने वाले कैंसर के कुछ सामान्य लक्षण जैसे लंबे समय तक बुखार रहना, शरीर में गांठ बनना, अत्यधिक थकान, अचानक वजन कम होना या लगातार दर्द को कभी भी नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। वक्ताओं ने बताया कि समय पर पहचान और सही इलाज से बच्चों में कैंसर के अधिकांश मामलों का सफल उपचार संभव है। क्लब की अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि आज के समय में सबसे बड़ी जरूरत है जागरूकता। यदि हम समय रहते लक्षणों को पहचान लें और चिकित्सकीय सलाह लें, तो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को भी हराया जा सकता है। बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। लायंस क्लब प्राइड आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य करता रहेगा।

## स्कूल में पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र के सर्वाधिक विश्वसनीय शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के पुस्तकालय विभाग द्वारा विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि विकसित करने एवं उनके विचारों को अभिव्यक्ति का सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में पुस्तकालय पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता विद्यालय के वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा थी। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी पसंदीदा पुस्तकों पर गहन समीक्षा प्रस्तुत की। प्रतिभागियों ने पुस्तकों के कथानक, पात्रों, लेखक की शैली तथा अपनी व्यक्तिगत टिप्पणियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्रों ने हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा की पुस्तकों जैसे उपन्यास, कहानी संग्रह, जीवनी तथा सामान्य ज्ञान संबंधी पुस्तकों की प्रभावशाली समीक्षा की। विद्यार्थियों ने विशेष रूप से रामायण, भगत सिंह, साइकिल से हिमालय साइक्लोथॉन, हमारा विश्वकोश, फुटबॉल अकादमी, विश्व धर्म, फादर क्रिसमस को एक पत्र, हैरी पॉटर, कार्स 2, मेरा गुप्त यूनिकॉर्न, सुधा मूर्ति की कहानियां, सावित्री, बुद्ध एवं परीक्षा योद्धा जैसी पुस्तकों पर अपने व्याख्यान एवं मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के निर्णायक एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय की समझ, प्रस्तुति शैली, भाषा-शुद्धता एवं मौलिकता के आधार पर किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे सच्ची मित्र होती हैं। वे हमें सोचने की नई दिशा देती हैं, हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाती हैं और व्यक्तित्व को संस्कारित करती हैं। यदि हमें एक सशक्त एवं जागरूक समाज का निर्माण करना है, तो बच्चों केहाथों में मोबाइल नहीं, बल्कि पुस्तकें देनी होंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय पुस्तकालय प्रभारी श्रीमती पूजा सिंदवानी को जाता है, जिन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तक चयन से लेकर समीक्षा लेखन तक आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



## जनभागीदारी से जल क्रांति की ओर आगे बढ़ रहा जिला

# 1 मार्च से कोरिया में शुरू होगा वृहद जल संरक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संचालित मोर गांव मोर पानी अभियान की प्रेरणा से कोरिया जिला में जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू कर दी गई है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलेभर में आवा पानी झोंकी अभियान के तहत व्यापक जल संरक्षण कार्य किए जाएंगे। शनिवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर अभियान को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए संरचनाओं का निर्माण समेकित प्रयासों से किया जाएगा और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक घर के निकासी जल को सोखता गड्ढों के माध्यम से भूमिगत किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक किसान के खेत में 5 प्रतिशत मॉडल के तहत जल संरक्षण संरचना तैयार की जाएगी। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को संयुक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।




### एसडीएम होंगे नोडल अधिकारी

सोनहत और बैकुंठपुर में अभियान की अगुवाई संबंधित एसडीएम करेंगे। राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, जल संसाधन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम अभियान को आगे बढ़ाएगी। बैठक में दोनों अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुंठपुर और सोनहत, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहरों में अनिवार्य होगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग

जिले के शहरी निकाय बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा और पटना में प्रत्येक आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। 1 मार्च से शुरू होकर मई माह के अंत तक जिलेभर में जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। ग्राम स्तर पर चौपाल और बैठकों के माध्यम से जनसहयोग जुटाया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि गिरते भू-जल स्तर को सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। जल है तो कल है की भावना के साथ कोरिया जिले में यह अभियान पूरे प्रदेश और देश के लिए उदाहरण बना है।

### पुलिस ने 65 लाख कीमत के नशीले पदार्थ किए नष्ट

**सूरजपुर।** पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 65 लाख कीमत के नशीले पदार्थो को नष्ट किया है। पुलिस लाईन परिसर में अस्थायी भट्ठे में मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की देखरेख में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 20 प्रकरणों में जब्त 101.74 किलोग्राम गांजा, 753 नग गांजा का पौधा, टेबलेट 103 नग, इंजेक्शन 778 नग, कफ सिरप 98 नग एवं कैप्सूल 5 हजार 920 नग को नष्ट किया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 65 लाख रुपये है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय की 23 दिसंबर 2022 की अधिसूचना और छत्तीसगढ़ शासन के 21 नवंबर 2024 के निर्देशों के अनुसार की गई। नष्टीकरण की प्रक्रिया डीआईजी व एसएसपी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रितेश चौधरी, जिला आबकारी अधिकारी अनिल मित्तल, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पंचान व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने युवाओं व नागरिकों को नशे से बचाने के लिए भविष्य में भी निरंतर मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, निरीक्षक जावेद मियादांद, प्रधान आरक्षक आशाराम लकड़ा, आरक्षक सोहेल राजा व उदय सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर बजाने पर लगा प्रतिबंध

**बिश्रामपुर।** 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के संचालन को ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) सूरजपुर ने ध्वनि विस्तार यंत्र डीजे, लाउडस्पीकर के उपयोग को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तार यंत्र के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम कार्यालय से जारी पत्र में शहर के विभिन्न मैरिज हॉल, होटल, सामुदायिक भवन एवं अन्य आयोजन स्थलों के संचालकों को निर्देशित किया जाएगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उच्च न्यायालय बिलासपुर के रिट पेटीशन प्रकरण नम्बर 88/2023 में पारित आदेश दिनांक 29.09.2023 एवं 10.10.2023 तथा कोलाहल अधिनियम 1985 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा की तैयारी प्रभावित न हो, इसके लिए रात्रि 10 बजे के बाद से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी।

## निधन



### आरना वर्मा

**अम्बिकापुर।** उद्यान विभाग में कार्यरत गोधनपुर निवासी अश्वनी वर्मा व मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर पदस्थ श्रीमती किरण वर्मा की सुपुत्री कुमारी आरना वर्मा का 13 वर्ष की आयु में रायपुर के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। आरना शहर के मोंटफोर्ट स्कूल में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत थी। पिछले कई दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। शुक्रवार को शंकर घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पिता अश्विनी वर्मा ने दी। अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पेज 1 के शेष...

### सरगुजा में एसआईआर के बढ़ गए...

जिले में 5 लाख 98 हजार 492 मतदाता थे जबकि प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 27 अक्टूबर को किया गया जिसमें मतदाताओं की संख्या 6 लाख 74 हजार 980 थी वहीं अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन उपरान्त जिले में मतदाताओं की संख्या 21 फरवरी की स्थिति में 6 लाख 2 हजार 310 है। इस प्रकार जिले में 3 हजार 818 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के दौरान 782 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं सत्यापन कार्य संपादित किया गया। कुल 6,74,980 मतदाताओं का मिलान एवं मैपिंग कार्य पूर्ण किया गया तथा प्राप्त 5,98,492 गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया गया। सर्वेक्षण के दौरान मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान कर आवश्यक संशोधन किए गए। जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, उनकी पुष्टि हेतु बीएलओ एवं संबंधित राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गईं। इस अभियान को समयसीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु 3 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, 48 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, 876 बीएलओ एवं 1564 बूथ लेवल एजेंट सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, एसडीएम फ़गेश सिन्हा तथा निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

### सरगुजा की बेटी दीपशिखा एक्का...

लिया और अनेक पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) गुवाहाटी, असम में नियुक्ति प्राप्त हुई। दीपशिखा की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे सरगुजा जिले और सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना और रेलवे में चयनित होना यह दर्शाता है कि सरगुजा की बेटियां खेल के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयां छू रही हैं। इस उपलब्धि के सफर में सरगुजा के राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह का सबसे बड़ा मार्गदर्शन व राष्ट्रीय तक मंच प्रदान कराया। इसी तरह सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में टैलेंट सर्च प्रोग्राम का मुख्य कार्य है। सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष व पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने दीपशिखा एक्का को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि आने वाली युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

### दर्जनभर दुकानें जलकर खाक

# पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट के पास सड़क किनारे संचालित अस्थाई दुकानों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अलाव की चिंगारी अथवा नशेड़ियों की लापरवाही से आग लगने की संभावना

मैनपाट अंतर्गत प्रमुख पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट के पास सड़क किनारे संचालित अस्थाई दुकानों में बीती रात आग लग गई। आग के चपेट में आने से दर्जनभर दुकानें जलकर खाक हो गई। दुकानें जलने से ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

मैनपाट स्थित पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट में सालो भर पर्यटकों की आवाजाही रहती है तथा स्थल पर पूरे दिन पर्यटक मौजूद रहते हैं। पर्यटन स्थल के पास ही ग्राम बिजलवा के ग्रामीण होटल, स्नेक्स सहित अन्य सामग्रियों की दुकान संचालित करते हैं। ग्रामीण सुबह सामान लेकर पहुंचते हैं तथा देर शाम सामानों को लेकर अपने घर चले जाते हैं। प्लास्टिक की कुर्सियां, टेबुल एवं अन्य सामान दुकानों में ही छोड़ देते है। शुक्रवार को ग्रामीण अपनी दुकानें बंद कर घर चले गए थे इस दौरान लोगों ने सड़क किनारे संचालित दुकानों से आग की लपटें उठती देख दुकानदारों को सूचना दी। सूचना मिलने पर देर रात पहुंचे दुकानदारों ने आग बुझाने की कोशिशें भी की लेकिन घासफूस व प्लास्टिक पन्नी के कारण आग की लपटे आसपास की सभी दुकानों में फैल गई तथा कुछ ही देर में दुकाने जलकर खाक हो गई।

आग से दुकानों में रखी प्लास्टिक की कुर्सियां, टेबुल सहित अन्य सामग्रियां जल गई हैं दुकानों में आग कैसे लगी अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार एक ही गांव के लोग दुकानें संचालित करते हैं तथा अलग-अलग विषयों को लेकर उनमें आए दिन विवाद भी होता है। स्थल पर देर शाम तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण दुकानों के पास अलाव भी जलाते हैं। लोग नशेड़ियों अथवा अलाव की चिंगारी से दुकानों में आग लगने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



आग से जलती दुकानें।

#### हर साल होती है घटना

पर्यटन स्थलों के पास संचालित अस्थाई ठेले गुमटियों में प्रायः हर साल आग लगने की घटनाएं होती है। एक साल पूर्व भी टाइगर प्वाइंट के पास संचालित दुकानों में आग लगी थी तथा दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ था। इस दौरान दुकानों में रखी खाद्य सामग्रियां भी जल गई थी। इस घटना के बाद से ही व्यवसायी अधिकांश सामानों को रात में नियमित घर ले जाते थे। पिछले साल पर्यटन स्थल दलदली में सड़क किनारे संचालित दुकानों में आग लग गई थी तथा एक दर्जन से अधिक दुकानें जल गई थी। ग्रामीण दुकानों से हुई आय से अपने परिवार की रोजी-रोटी चलाते हैं। आग से शिवकुमार, अनिल यादव, संजू यादव एवं कैलाश यादव को अधिक नुकसान हुआ है।

#### नहीं है सुरक्षा की व्यवस्था

मैनपाट के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा की व्यवस्था नहीं होने के कारण धड़ल्ले से नशे का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। पर्यटन स्थलों पर शराब सहित अन्य नशीली सामग्री उपलब्ध होने के कारण इन स्थलों पर देर शाम तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे तत्वों में बाहर से आए पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग भी शामिल हैं। पर्यटन स्थलों पर नशीले सामग्रियों की उपलब्धता भविष्य के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। टाइगर प्वाइंट पर हत्या एवं आत्महत्या करने संबंधी घटनाएं भी घटित हो चुकी है।

## कालीघाट मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां हुईं शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम महावीरपुर अजीरमा स्थित कालीघाट मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां भव्य आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को मंदिर समिति की अहम बैठक आयोजित कर पूरे नौ दिनों के कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।नौ दिनों तक माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना, अखंड ज्योति, दुर्गा सप्तशती पाठ और प्रतिदिन भंडारे का आयोजन होगा। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस वर्ष आयोजन की खास बात होगी विशाल मीना बाजार, जहां स्थानीय व्यापारियों के साथ बाहरी दुकानदार भी अपनी दुकानें सजाएंगे। बच्चों के लिए झूले, खेल-तमाशे और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की डांस स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी हिस्सा लेने पहुंचेंगे। लोकनृत्य, आधुनिक नृत्य और धार्मिक प्रस्तुतियों से मंच सजेगा। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। नवरात्र की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से होगी। अलग अलग मार्डल की विशेष प्रस्तुति भी इस बार आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## हेल्थ प्लस

### जेजे हॉस्पिटल में अब न्यूरोसर्जन लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. एमके तिवारी पूर्णकालिक रूप से उपलब्ध

**अंबिकापुर।** शहर के जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जन की सुविधा एक बार फिर से उपलब्ध है। एनएबीएच मान्यता प्राप्त जेजे हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि एमएस, एमसीएच न्यूरोसर्जरी लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. एमके तिवारी अब जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन (इन-हाउस) के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. तिवारी को मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी (ब्रेन एवं स्पाइन) से संबंधित जटिल रोगों एवं शल्य चिकित्सा का दीर्घ अनुभव प्राप्त है। उनकी अनुशासित कार्य-शैली, उत्कृष्ट शल्य-कौशल एवं संवेदनशील दृष्टिकोण हमारे अस्पताल की गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाओं के संकल्प को और अधिक सशक्त करेगा। प्रबंधन के अनुसार डॉ. तिवारी अस्पताल में पूर्णकालिक रूप से उपलब्ध रहेंगे तथा सभी प्रकार के ट्रॉमा एवं न्यूरो इमरजेंसी मामलों हेतु सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त वे सिटी क्लिनिक जेजे एच (जिला चिकित्सालय, अंबिकापुर के सामने) में भी प्रतिदिन सायं 5 बजे से 7 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। वहीं 23 से 28 फरवरी तक ओपीडी में निःशुल्क परामर्श की व्यवस्था की गई है।



### डॉ.दत्ता फिजियोथैरेपी सेंटर में निःशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी शिविर

**अम्बिकापुर।** बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट एक दर्द रहित इमेजिंग टेस्ट है जो हड्डियों की मजबूती और फ्रैक्चर के जोखिम को मापने के लिए किया जाता है। यह मुख्य रूप से हड्डी में कैल्शियम की मात्रा को मापकर ऑस्टियोपोरोसिस का पता लगाता है। डॉ दत्ता फिजियोथेरेपी सेंटर में आयोजित शिविर में 100 से ज्यादा लोगों की बोन मिनरल डेंसिटी जांच की गई। जांच में जिनका बोन मिनरल डेंसिटी सामान्य से कम पाया गया उन्हें डॉ.संजय द्वारा हड्डियों में कैल्शियम बढ़ाने एवं जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए विशेष उपायों की जानकारी दी गई। डॉ.दत्ता ने बताया कि हड्डियों की मजबूती और कैल्शियम की अच्छी मात्रा बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार लेना तथा शारीरिक गतिविधियां जैसे चलना, दौड़ना एवं व्यायाम करना अति आवश्यक है।



### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 22 फरवरी को सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, मस्तिष्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद, डॉ.प्रतीक धाबलिया, ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, रक्त रोग विशेषज्ञ डा.विकास गोयल संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा में उपलब्ध रहेंगें।



## माइनर्स कॉलोनी के समीप फूल तोड़ने गईं दो महिलाओं पर गिरा दीवार का मलबा

- एक का पैर फ्रेक्चर, गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं को अंबिकापुर अस्पताल कराया गया भर्ती

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शांतिनगर में शनिवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब फूल तोड़ने के दौरान एक पोल्ट्रीफार्म का पुराना अहाता अचानक भर भराकर गिर पड़ा। हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तत्काल अंबिकापुर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवंदनपुर शांतिनगर निवासी तारावती देवी पति प्रेमचंद केशरवानी शनिवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे विद्या देवी व अन्य महिलाओं के साथ रोज की तरह टहलने निकली थीं। सैर के दौरान वे माइनस कॉलोनी निवासी उपेंद्र सिंह के अजीत पोल्ट्रीफार्म के पास पहुंचीं थीं। बताया जा रहा है कि महिलाएं वहां लगे फूलों को तोड़ रही थीं, तभी अचानक पोल्ट्रीफार्म का पुराना अहाता गिर पड़ा। दीवार के मलबे की चपेट में आने से तारावती देवी का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है और विद्या देवी के माथे पर गंभीर चोट आई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दीवार गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों महिलाओं को मलबे से बाहर निकाल परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद दोनों को तत्काल अंबिकापुर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त अहाता काफी पुराना और जर्जर हो चुका था। दीवार के पास से लगातार नाली का पानी बहता रहता था, जिससे उसकी नींव कमजोर हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण दीवार अचानक ढह गई।

## सनकी पति के हमले से महिला की मौत साली व बच्ची पर भी किया हथौड़े से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी के भाई की शादी में शामिल होने आए सनकी पति ने देर रात पहले पत्नी फिर साली व बच्ची पर हथौड़े से प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुई पत्नी की मौत हो गई जबकि साली व बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम रेवटी निवासी यशोदा कुशवाहा पति गणेश कुशवाहा (35 वर्ष) पति के साथ विवाद होने पर बेटी नैना के साथ मायके ग्राम सरहरी में रह रही थी। इस बीच भाई के शादी में शामिल होने पति ससुराल आया था। 20 फरवरी को बारात आने के बाद अन्य मेहमान चले गए जबकि रात में वह यशोदा बेटी के साथ कमरे में सो रही थी जबकि बहन गंगात्रो, भांजी पिंकी व मो तीनों एक कमरे में सो रहे थे वहीं गणेश हाल में अकेले सो रहा था। इसी बीच देर रात बच्ची के रोने की आवाज सुन परिजन कमरे से बाहर निकले तो पिंकी ने बताया कि मौसा गणेश हथौड़ी से मौसी यशोदा, गंगोत्री से वार करने के पश्चात उसे भी मारने के लिए दौड़ाया। परिजन जब कमरे में गए तो उनके होश उड़ गए। यशोदा और गंगोत्री लहूलुहान हालत में बेहोश पड़े थे। परिजन तीनों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायलों को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत यशोदा को मृत घोषित कर दिया जबकि गंगोत्री व पिंकी का आईसीयू में भर्ती कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### विचाराधीन बंदी की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत

**रामानुजगंज।** जिला जेल रामानुजगंज में निरुद्ध एक विचाराधीन बंदी की शनिवार सुबह अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पस्ता थाना अंतर्गत सीतारामपुर निवासी बिशन उर्फ बिशुन कोड़ाक (48 वर्ष) धारा 294, 506, 323, 147, 148, 149, 450, 302 भादवि एवं टोनही प्रताड़ना अधिनियम की धाराओं के तहत 15 नवंबर 2023 से न्यायिक अभिरक्षा में था। जेल अधीक्षक वाल्मीकि ध्रुव ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे बंदी की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे तत्काल रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। चिकित्सकों द्वारा दस्त, उल्टी और अत्यधिक कमजोरी की शिकायत पर उपचार दिया गया। रात में हालत स्थिर होने पर चिकित्सकीय परामर्श के बाद रात को उसे पुनः जेल दाखिल किया गया। शनिवार 21 फरवरी की सुबह 9.30 से 10 बजे के बीच बंदी की तबीयत फिर बिगड़ गई। पेट दर्द की शिकायत मिलने पर जेल प्रहरियों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना रामानुजगंज थाना द्वारा मृतक के परिजनों को दी गई। नियमानुसार तहसीलदार की उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई की जाएगी एवं चिकित्सकों की टीम द्वारा अस्पताल में ही पोस्टमार्टम किया जाएगा। जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## फार्म 7 के माध्यम से वैध मतदाताओं का नाम कटवाने वालों पर हो कार्रवाई

- अंतिम सूची के प्रकाशन उपरान्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की मांग, कहा कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण विफल हुआ प्रयास

**अंबिकापुर।** मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के उपरांत शनिवार को जारी अंतिम मतदाता सूची के सामने आने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा है कि फार्म 7 के माध्यम से भाजपा ने मतदाताओं के जिन नामों को काटने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास किया वो विफल हो गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के माध्यम से उन्होंने प्रशासन से यह मांग की है कि फार्म 7 के माध्यम से दुर्भावनापूर्ण तरीके से वैध मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 212 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने प्रेसवार्ता में यह आरोप लगाया कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया का उपयोग कर भाजपा अपने मनमुताबिक मतदाता सूची को तैयार करने के प्रयास में थी। इसी के तहत भाजपा ने ऐसे मतदान केन्द्रों को चुनकर जहां कि कांग्रेस को लीड मिलती थी, वहां के कांग्रेस समर्थक मतदाताओं का नाम कटवाने का प्रयास किया था। लेकिन कांग्रेस पार्टी के सक्रिय बीएलए, मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास के फलस्वरूप भाजपा का यह प्रयास सफल नहीं हो पाया। एसआईआर में पार्टी की सक्रियता का श्रेय पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को जाता है जिन्होंने पूरे जिले के कार्यकर्ताओं के साथ 6 बार समीक्षा बैठक कर उन्हें हर चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि जनवरी 2025 की तुलना में आज जारी मतदाता सूची के अनुसार जिलेभर में लगभग 72000 मतदाताओं की संख्या में गिरावट आयी है। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदाताओं के स्थानांतरित होने, मृत्यु होने या अनुपस्थित होने के कारण इसमें यह गिरावट आयी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मतदान केन्द्रों के अनुसार इसकी जांच प्रारंभ करेगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, मो इस्लाम, इरफान सिद्धकी, इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, अतुल तिवारी, जमील खान, रशीद अहमद, नरेन्द्र विश्वकर्मा, आशीष जायसवाल आदि उपस्थित थे।






## सुरक्षा अमले के औचक निरीक्षण में गायत्री खदान के बाहर बड़ी मात्रा में कोयला की बोरियां बरामद

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री, आमगांव और अमेरा खदानों से हो रही कोयला चोरी पर प्रबंधन की सख्ती के बावजूद अंकुश नहीं लग पा रहा है। शनिवार तड़के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अपनी टीम के साथ गायत्री खदान पहुंचे, जहां औचक निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में चोरी का कोयला बरामद किया गया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा टीम ने पाया कि कई लोग कोल स्टॉक से कोयला बोरियों में भरकर बाइक, साइकिल और कंधे पर ढोकर ले जा रहे थे। टीम के जवानों ने घेराबंदी कर जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो अधिकांश लोग साइकिल और कोयले की बोरियां छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद सुरक्षा अधिकारी ने खदान के मजदूरों को बुलवाकर जब्त करीब 40 बोरी कोयले को लोडर के माध्यम से वापस स्टॉक में रखवाया। गौरतलब है कि चार दिन पहले आमगांव खदान में क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कोयला चोरों को पकड़कर कड़ी हिदायत दी थी। इसके अगले ही दिन आधा दर्जन कोयला चोरों और 10 बाइक को पकड़कर रामानुजनगर पुलिस के हवाले किया गया था। बावजूद इसके कोयला चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रबंधन का कहना है कि पुलिस का अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से कोयला चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार, एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की अमेरा, आमगांव और गायत्री खदानों से प्रतिदिन लगभग 150 से 200 टन उत्पादित कोयले की चोरी हो रही है। इससे न केवल कंपनी को नुकसान हो रहा है, बल्कि राज्य शासन को भी प्रतिदिन लाखों रुपये की रॉयल्टी का नुकसान उठाना पड़ रहा है।









